पर्यटन मंत्री (श्री श्रीकान्त कुमार जैना): (क) और (ख) देश के विभिन्न स्थानों में आने वाले पर्यटकों के प्रति वर्ष के आधार पर आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। तथापि, 1988-89 के दौरान संचालित विदेशी पर्यटकों के सर्वेक्षण के अनुसार देश में 10 शीर्ष स्थान, जहां अधिकतम विदेशी पर्यटक आये, निम्नलिखित हैं:—

1. बम्बई
2. दिल्ली
3. मद्रास
4. आगरा
5. जयपुर
6. गोवा
7. कलकत्ता
8. बंगलौर
9. त्रिवेन्द्रम-क्रोवलम
10. उदयपुर

स्वदेशी पर्यटकों के संबंध में इस प्रकार की सूचना उपलब्ध नहीं है।

(ग) पर्यटकों स्थलों का विकास करना एक सतत प्रक्रिया है और इसे राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करके और निजी क्षेत्र को आवश्यक समर्थन सुविधाएं और प्रोत्साहन प्रदान करके प्राप्त किया जाता है।

एयर-इण्डिया के विमानों की संख्या को दुगुना करने का प्रस्ताव

*271. श्री गुफरान आजम:
प्रो॰ नौनिहाल सिंह:

क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या एयर-इंडिया आगामी कुछ वर्षों के दौरान अपने विमानों की संख्या को दुगुना करने और इंडियन एयरलाइंस के साथ इसका विलय का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार विदेशों से विमान खरीदने का विचार भी रखती है और यदि हां, तो कुल कितनी राशि खर्च किये जाने की सम्भावना है;

(घ) इस समय एयर-इंडिया के पास कितने विमान हैं तथा यह कितने तथा किस प्रकार के और विमान खरीदने का विचार रखती है, और

(ङ) एयर-इंडिया का घाटा किस हद तक पूरा होने की सम्भावना है?

नागर विमानन मंत्री (श्री सी॰ एम॰ इब्राहिम): (क) और (ख) नौवीं योजना अवधि में अपने विमानबेड़े का नवीकरण और विस्तार जारी रखने की एअर इंडिया की योजना है। फिलहाल, एअर इंडिया तथा इंडियन एयरलाइन्स के विलय का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) और (घ) फिलहाल एअर इंडिया के विमानबेड़े में 26 विमान हैं। एअर इंडिया ने जनवरी, 1995 में बोइंग एयरप्लेन कम्पनी के साथ एक करार पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत 1137.70 करोड़ रुपये की लागत पर दो बी-737—400 विमान प्राप्त किए जाएंगे जिनकी सुपुर्दगी अक्तूबर/नवम्बर, 1996 में की जानी है।

(ङ) अपने वित्तीय निष्पादन में सुधार करने हेतु एअर इंडिया अपने मर्केंटिंग प्रयासों को तेज करने, क्षमता बढ़ाने, गैर-प्रचालन लागत कम करने तथा अपने उत्पाद, छवि और समयबद्ध कार्यनिष्पादन को सुधारने के लिए कदम उठा रहा है।

Operations of new Airlines as Alliance Air

*272. DR. SHRIKANT
RAMCHANDRA JICHKAR:
SHRI V. RAJESHWAR RAO:

Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether the new Airlines known as Alliance Air has started its operations in the country;

(b) what is the legal, organisational and financial structure of this company;

(c) whether the appointments of staff has been made on contract basis; and

(d) what was the reasons for starting this venture?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION (SHRI CM. IBRAHIM): (a) Yes, Sir.

(b) Alliance Air is the airline operated by the Airline Allied Services Limited (AASL), a wholly owned subsidiary of Indian Airlines. The Company has a Paid-up Capital of Rs. *225* crores. The